# मध्यप्रदेश राज्य दंत परिषद्

**MADHYA PRADESH STATE DENTAL COUNCIL**
(STATUTORY BODY, GOVT. OF MADHYA PRADESH)
Office at: 101, Royal House, 11/3, Ushaganj Main Road, Indore 452001
Ph: 0731-2701944, 4108960 website: www.mpstatedentalcouncil.com, E-mail: registrarmpsdc@gmail.com

09/07/2025

**सभी पंजीकृत दंत चिकित्सकों के लिए अपील**

## नोटिस

यह सभी पंजीकृत दंत चिकित्सकों को सूचित किया जाता है कि वे दंत चिकित्सा व्यवसाय की आचार संहिता एवं नैतिक नियमों का पालन करें, जैसा कि संशोधित दंत चिकित्सक (आचार संहिता) विनियम, 2014 में उल्लिखित है।

मध्य प्रदेश राज्य दंत परिषद ने यह देखा है कि कुछ दंत चिकित्सक नैतिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे कई अनीतिक और गैर कानूनी गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। जैसे कि —

- कुछ कंपनियों द्वारा सीधे मरीजों के घर जाकर उपचार देना, जबकि ये सेवाएं अपंजीकृत या गैर-पंजीकृत व्यक्तियों द्वारा दी जा रही हैं, जो कि Dentists Act 1948 और आचार संहिता 2014 का स्पष्ट उल्लंघन है।
- सोशल मीडिया और डायरेक्ट मार्केटिंग के माध्यम से झूठे विज्ञापन देना, फर्जी वादे करना।
- कॉर्पोरेट निकायों से जुड़े रहकर प्रचार करना।
- अपंजीकृत डिग्री का प्रदर्शन करना।
- फेसियल एस्थेटिक ट्रीटमेंट और हेयर ट्रांसप्लांट करना, जो कि भारतीय दंत परिषद के पत्र **DE-130(ARPM-General)-2022-197/Dated 06.12.2022 "Guidelines for practice of Aesthetic and Hair transplant procedures for Oral & Maxillofacial** के अनुसार, **MDS in Oral and Maxillofacial surgery** द्वारा या उनकी देखरेख मे ही किया जा सकता हैं का विशेष ध्यान रखना।

इसके अतिरिक्त—

- बिना अनुमति के डेंटल कोर्स/वर्कशॉप/ट्रेनिंग कराना अथवा कराना, जिसमें न राज्य परिषद की अनुमति होती है और न ही किसी मान्यता प्राप्त संस्था की, यह कानूनन अपराध है।
- ऐसे मामलों में दोषी दंत चिकित्सक का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है एवं Dentists Act 1948 की धारा 47 एवं 49 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

इसलिए सभी दंत चिकित्सकों से अनुरोध है कि वे नैतिक नियमों का ईमानदारी से पालन करें, अन्यथा ऐसा न करने पर संबंधित चिकित्सक को दंत रजिस्टर में बने रहने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

कृपया इसे गंभीरता से संज्ञान में लें।

(डॉ. चन्द्रेश कुमार शुक्ला)
अध्यक्ष
म.प्र. राज्य दंत परिषद्

(डॉ. हर्ष चंसोरिया)
रजिस्ट्रार
म.प्र. राज्य दंत परिषद्

Scanned with OKEN Scanner